# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

विनोबापुरी (लोलेपुर) निकट वर्मा उपवन, सुलतानपुर।

**E- mail:-** upjnrsultanpur@upjn.co.in


पत्रांक 4875 / W-19 / 108 दिनांकः-10/08/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः-**दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित निगेटिव खबर के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक डिजिटल मीडिया दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशनः लोकेपुर में तीन साल बाद भी कामः 3.28 करोड़ की योजना से 595 परिवारों को नहीं मिला शुद्ध पेयजल"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकासखण्ड-कूरेभार के अन्तर्गत लोकेपुर पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक-गाजा जेवी, नोएडा द्वारा करवाया जा रहा है। उक्त योजना में नलकूप-01 नग, पम्पहाउस-01 नग, बाउन्ड्रीवाल-01 नग उच्च जलाशय (175 कि0ली0/16 मी0)-01 नग, सोलर-01 नग, पाइप लाइन-15.94 किमी0 तथा गृह जल संयोजन-595 नग प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप-01 नग पूर्ण, पम्पहाउस-01 नग पूर्ण, बाउन्ड्रीवाल-01 नग पूर्ण, उच्च जलाशय-01 नग जिंक एलम टैंक अधिष्ठापित (80%) तक पूर्ण, सोलर-01 नग पूर्ण, पाइप लाइन-15.20 किमी0 पूर्ण, तथा गृह जल संयोजन-257 नग पूर्ण है।

योजनाओं को धीमी प्रगति होने के कारण फर्म के विरुद्ध अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ के पत्रांक 725/JJM (Sultanpur)/2026-27/Tech-05 दिनांक 27 मई, 2026 द्वारा 1% अतिरिक्त कुल 2% L.D. अध्यारोपित भी किया गया है।

कार्यदायी फर्म द्वारा अपने पत्रांक VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-27/73 दिनांक 10.08.2026(संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में योजना प्रगति पर है जिसे दिनांक 30 सितम्बर, 2026 तक पूर्ण कराकर जलापूर्ति प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त प्रकरण को निक्षेपित करवाने की कृपा करें।

संलग्नकः-उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(वकार हुसैन)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक :-उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
2. मुख्य विकास अधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या कैम्प-सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
6. जिला सूचना अधिकारी, सुलतानपुर।
7. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता/श्री पी0के0 छाबड़ा, जूनियर इंजीनियर।
8. मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक-गाजा जेवी, नोएडा।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

Vindhya Telelinks Limited - Gaja Engineering Private Limited JV
Club125, 6"Floor, Tower 'A', PlotNo.-3, 4&5, Sector125, Noida-201301, India
Phone:+91-120-4980200| Fax:+91-120-49''0222| Email:e c a vtlrewa.com
PAN: AAHAV1983F | GSTIN: 09AAHAV1983F1Z4

Letter No: VTL-GAJA JV/DWSM/SLNP/2026-2027/73

Date: 10.08.2026

To,
Executive Engineer (Civil)
U.P Jai Nigam (Rural)
Sultanpur, Uttar Pradesh

Reference: Survey, Design, Preparation of DPR, Construction, Commissioning and O&M for 10 Years of Various Rural Water Supply Projects in the State of Uttar Pradesh as per Request for Proposal for Phase-3 Division- Ayodhya(Sultanpur).

Subject :- Submission of Completion Plan of Lokepur (Block Kurebhar).

Dear Sir,

With Reference to above subject, We are hereby submitting to you updated progress and Completion plan of Lokepur (Block Kurebhar). Total Estimate Cost Rs 328.1 Lakhs.

| S.NO | COMPONENTS | SCOPE | COMPLETED | BALANCE | TARGET DAY OF COMPLETION |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell (Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 2 | OP & Compressor(Nos) | 1 | 1 | 0 | |
| 3 | Pump House(Nos) | 1 | 1 | 0 | 01-sep-26 |
| 4 | BW(Nos) | 1 | 1 | 0 | 01-Sep-26 |
| 5 | Distribution(Kms) | 15940 | 15200 | 740 | 20-Sep-26 |
| 6 | FHTC(Nos) | 595 | 257 | | 30-Sep-26 |
| 7 | Solar(Kw) | 1 | | 1 | 25-Aug-26 |
| 8 | Regular Water Supply | 595 | 0 | 595 | 10-April-26 |
| 9 | OHT( 175 KL 16M Staging)-Job | 1 | 0.8 | 0.2 | 10-Sep-26 |

Thanking you and assuring you of our best services at all the times.

Your Sincerely,


For Vindhya Telelinks Ltd. - Gaja Engineering Pvt. Ltd. JV
(Authorized signatory)

Regional office Address: top No 201C A 201 D, PITIFloor, COvinda Ag6Pt-ent 1-A, Shahnajaf Road, Luckaow U.P-22600t

Scanned with OKEN Scanner

# जल जीवन मिशन: लोकेपुर में तीन साल बाद भी काम: 3.28 करोड़ की योजना से 595 परिवारों को नहीं मिला शुद्ध पेयजल

सर्वेश दुबे | कूरेभार(सुलतानपुर), सुलतानपुर
1 दिन पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →

सुलतानपुर में कूरेभार ब्लॉक के लोकेपुर गांव में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत 3 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत से शुरू की गई पेयजल परियोजना तीन साल बाद भी अधूरी है। इस योजना का लक्ष्य गांव के 595 परिवारों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था, लेकिन अब तक न तो पानी की टंकी पूरी बन पाई है और न ही पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाई जा सकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि योजना का लाभ अभी तक उन्हें नहीं मिल पाया है। जल जीवन मिशन की पाइपलाइन गांव के आधे हिस्से तक ही पहुंची है, जबकि कई मोहल्लों और बस्तियों में टोंटियां तो लगा दी गई हैं, लेकिन उनमें पानी नहीं आता। अधूरे निर्माण और कार्य की धीमी गति से ग्रामीणों में नाराजगी है।

पूर्व प्रधान धीरेन्द्र सिंह ने कार्यदायी संस्था पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि कई बार ध्यान दिलाने के बावजूद कार्य की प्रगति में सुधार नहीं





Scanned with OKEN Scanner

ग्रामीण राम उजागिर ने बताया कि काम शुरू हुए तीन साल बीत गए हैं, लेकिन पानी की टंकी अभी तक पूरी तरह से खड़ी नहीं हो सकी है। टंकी अधूरी होने के कारण पाइपलाइन का परीक्षण और जल आपूर्ति शुरू नहीं हो पा रही है। वहीं, वीरेंद्र उपाध्याय का कहना है कि अधिकारियों और कार्यदायी संस्था की उदासीनता के कारण यह योजना केवल कागजों तक ही सीमित रह गई है।

ग्राम प्रधान राधेश्याम वर्मा ने बताया कि कार्य की सुस्त रफ्तार को लेकर विभागीय अधिकारियों से लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि कार्य की गति बढ़ाने के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों की उम्मीदें अब प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं। लोग चाहते हैं कि जल जीवन मिशन का लाभ जल्द से जल्द हर घर तक पहुंचे और अधूरा कार्य पूरा हो, ताकि पेयजल संकट से निजात मिल सके।

इस सोच के साथ अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखें। परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। नए लोगों से संपर्क बढ़ाना फायदेमंद रहेगा। अनुभवी लोगों के साथ समय बिताने से...


और पढ़ें

Download App from
GET IT ON Google Play
Download on the App Store

Follow us on


दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं → G

## खबरें और भी हैं...



सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी: FCI में सीधी भर्ती का झांसा देकर प्रति अभ्यर्थी 3 लाख लिए, सुलतानपुर में केस दर्ज

सुलतानपुर ›




सुल्तानपुर में झटका मशीन बन रही जानलेवा: लंभुआ में 18 दिन में दूसरी घटना, प्रशासन की उदासीनता पर सवाल

सुलतानपुर ›




सुल्तानपुर में सपा नगर अध्यक्ष पर केस दर्ज: भड़काऊ पोस्ट डालने का आरोप; PM-सीएम की तस्वीरों के इस्तेमाल का दावा

सुलतानपुर ›



जिसने गंदे आरोप लगाए, भाजपा-विधायक ने उसकी सिफारिश की थी: पीएचडी की फीस आधी करने और विधानसभा पास देने को कहा; 2 लेटर सामने आए

सुलतानपुर ›



बहन के फायदे के लिए जीजा का गला घोंटकर हत्या: सुल्तानपुर में तालाब में लाश फेंकी, जमीन के 48 लाख दिलाना चाहता था

सुलतानपुर ›

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap | Terms & Conditions and Grievance Redressal Policy | Contact Us | RSS | Cookie Policy | Privacy Policy

Our Divisions
DainikBhaskar.com
DivyaBhaskar.com
BhaskarEnglish.in
DivyaMarathi.com
MoneyBhaskar.com
BhaskarAd.com

Copyright © 2024-25 DB Corp ltd., All Rights Reserved

This website follows the DNPA Code of Ethics.



Scanned with OKEN Scanner